e-paper available
www.bcrnews.co.in

BCR
BOLLYWOOD CINE REPORTER
NEWS
ONLINE NEWS CHANNEL
www.youtube.com/bcrnewsonline

सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित

बॉलीवुड सिने रिपोर्टर

राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र, फ़िल्मी दुनिया आपके घर

RNI No. UPHIN/2013/50311
Postel No. UP/GBD-183/2014-16

website: www.bollywoodcinereporter.com
Email ID: editorbcr@gmail.com ; editor.bollywoodcinereporter@gmail.com

प्रकाशक एवं सम्पादक : अजय शास्त्री 09350859564, 09310252692 | वर्ष 03 अंक 39 | दिनांक: 04 नवम्बर से 10 नवम्बर 2015 तक | मूल्य 6/- रूपया

EROS INTERNATIONAL
BHANSALI PRODUCTIONS

Eros International & Bhansali Productions Present
THE LOVE STORY OF A WARRIOR
BAJIRAO MASTANI
Directed by Sanjay Leela Bhansali
Produced by Kishore Lulla & Sanjay Leela Bhansali
18 DECEMBER
EROS MUSIC
techzone
RAO to 56060
/BajiraoMastani
@ErosNow
An Eros International Worldwide Release
@Eros_Now
YouTube/ErosNow
www.erosnow.com
EROS NOW
mantra sds

सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित

बॉलीवुड सिने रिपोर्टर

अब वेब न्यूज चैनल के साथ

04 नवम्बर से 10 नवम्बर 2015 तक

BCR NEWS
www.bcrnews.co.in

संरक्षक
श्रीयांशी शास्त्री
दिव्यांशी शास्त्री

प्रकाशक व सम्पादक
अजय शास्त्री
09350859564
09310252692
Email: editorbcr@gmail.com

प्रधान सम्पादिका
रचना शर्मा

ब्यूरो प्रमुख
अफाक खान समीर
(ब्यूरो प्रमुख, दिल्ली-एनसीआर)
मो. 009871202044

सुन्दर
(प्रचार व प्रसार, दिल्ली)

सभी पद अवैतनिक हैं

AJAY SHASTRI MEDIA ACADEMY
ASMA WAY TO BOLLYWOOD

WAY TO BOLLYWOOD

ACTING | ANCHOR | DIRECTION | DANCE

AJAY SHASTRI MEDIA ACADEMY (R)

फिल्मी दुनिया में आसानी से अपनी पहचान बनाने और काम पाने के लिए आज ही ज्वाइन करें

100%* PLACEMENT

Mob: 09350859564, 09310252692

Admission form Avilable on:
www.bcrnews.co.in

ONLINE & MEDIA PARTNER:
Website Maker Let's Make It
BCR NEWS हर क़दम, आपके साथ
बॉलीवुड सिने रिपोर्टर www.bcrnews.co.in

SUPPORTED BY:
NIFTDA FILM ASSOCIATION
T-Time Music

Bharat Ratna Film Festival & Awards (BRFFA)

Show Cased by
VR Entertainmentz World
&
Maruti Viraj productions

Associated with xYzo Entertainment &
Keshav Entertainments

Bharat Ratna Film Festival
& Awards (BRFFA)
BRFFA is searchingEntertainer
from all over INDIA
BHARAT RATNA (DIAMONDS)

मुझे अभी तो लम्बी यात्रा तय करनी है

+919029812295/ +917710812297

Supporters

Magazine Print Partner
Model Craft

Digital Media Partner
Movietone Digital Entertainment Pvt Ltd

Event Coordinator Partner
Blue Orranz Media Solutions

Print Media Partner
HELLO MUMBAI

Portal Partner
BCR NEWS हर क़दम, आपके साथ

Supporters

सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित

बॉलीवुड सिने रिपोर्टर
राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र, फ़िल्मी दुनिया आपके घर

RNI No. UPHIN/2013/50311
Postel No. UP/GBD-183/2014-16

www.bcrnews.co.in

में समाचार, विज्ञापन, फिल्म पोस्टर, पी सी, फिल्म प्रमोशन आल इण्डिया, मॉडल व एक्टर अपना इन्टरव्यू प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क कर सकते हैं

Special Facility for
Strugglers
बॉलीवुड में आसान प्रवेश करने का रास्ता

फिल्म बनवाने व रिलीज करवाने के लिए भी कर सकते हैं
(गारन्टी के साथ रिलीज)

09350859564
09310252692
Email: editorbcr@gmail.com

NORTH INDIAN FILM & TELEVISION DEVELOPMENT ASSOCIATION (Regd.)
(उत्तर भारत की एक मात्र फिल्म एसोसिएशन)
उत्तर भारत में फिल्मी दुनिया से जुडे सभी लोग एसोसिएशन के सदस्य बनकर लाभ उठाऐं एवं उत्तर भारत में फिल्म इन्डस्ट्री को स्थापित करने के सहयोगी बनें।
Mob:- 09350859564 (Delhi), 09310252692 (Whatsapp)

NIFTDA

Ajay Shastri
(President)

सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित

बॉलीवुड सिने रिपोर्टर

अब वेब न्यूज चैनल के साथ

04 नवम्बर से 10 नवम्बर 2015 तक

BCR NEWS
www.bcrnews.co.in

"बेटी बचाओ" का समर्थन करेंगे बिग-बी और सोनाक्षी

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड एक्ट्रैस सोनाक्षी सिन्हा टीवी सीरियल 'आज की रात है जिंदगी' में सुपरस्टार अमिताभ बच्चन के साथ 'बेटी बचाओ' अभियान का मैसेज देंगी। खबर के मुताबिक, आलिया भट्ट, शिल्पा शेट्टी और कपिल शर्मा के बाद टीवी सीरियल स्टार प्लस पर सोनाक्षी नजर आएंगी।

सूत्रों के मुताबिक, 'उन्होंने बताया कि देश में जहां बेटों के जन्म पर खुशियां मनाई जाती हैं और बेटी के जन्म पर निराशा छा जाती है। इस धारणा को बदलने के लिए यह छोटा लेकिन शक्तिशाली कदम है।' अमिताभ बच्चन श्वेता बच्चन–नंदा के पिता हैं, उन्होंने कहा, 'मेरी पहली संतान बेटी थी। और मेरी बेटी की पहली संतान भी बेटी थी और मेरे बेटे की भी पहले बेटी ही है और मुझे गर्व है कि हमारे परिवार को बेटियों का आर्शीवाद मिला है।'

किंग खान की बेटी सुहाना, काजोल से सीखेगी एक्टिंग

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख ने बताया है कि उनकी बेटी सुहाना एक्ट्रैस बनना चाहती है। उन्होंने कहा कि यदि उसे ऐसा करना है तो वे चाहेंगे कि सुहाना उनकी दोस्त, अभिनेत्री काजोल से एक्टिंग सीखे। शाहरुख ने बताया वह अच्छी और ईमानदार अभिनेत्री हैं। यहां तक कि वे खुद भी काजोल से सीख सकते हैं। शाहरुख कहते हैं कि काजोल तय तरीके से एक्टिंग करने वाली एक्ट्रेस नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह काजोल की खासियतों को शब्दों में नहीं समझा सकते। शाहरुख चाहते हैं कि उनकी बेटी भी काजोल से ये सब गुण सीखे। उन्होंने भी अपनी फिल्मों के दौरान काजोल से ये सब सीखा है।

छोटा भीम की नई एडवेंचर फिल्म का ट्रेलर रिलीज

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। टीवी की दुनिया में बच्चों सबसे चहेते कार्टून ''छोटा भीम'' की नई फिल्म ''छोटा भीम हिमालयन एडवेंचर'' का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

इस ट्रेलर मे छोटा भीम अपने दोस्तों के संग हिमालय की बर्फीली पहाडियों पर खूब मस्ती करते नजर आ रहे हैं लेकिन इस मस्ती में एक ट्विस्ट भी है, जिसका सामना भीम और उसके दोस्तों को करना होगा।

आपको बता दें कि ''छोटा भीम हिमालयन एडवेंचर'' की कहानी छोटा भीम के एडवेंचर पर बेस्ड है। छोटा भीम अपने दोस्तों छुट्टियां मनाने के लिए हिमाचल के मनाली जाता है और फिर वहां भी भीम अपनी ताकत और सूझ बूझ का प्रदर्शन करता है।

यह फिल्म अगले 8 जनवरी, 2016 को रिलीज होगी।

इन हॉट और बोल्ड तस्वीरों के कारण सोशल मीडिया पर छाई रहती है श्रीदेवी की दोनों बेटियां

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड एक्ट्रैस श्रीदेवी की बेटियां जाह्नवी और खुशी अभी बी–टाउन से दूर हैं लेकिन उनकी ग्लैमरस फोटोज दिखाने जा रहे है।जिसे देखने से पता चल जाएगा कि वह गलैमर में काफी इंटरस्ट रखती है। देखकर ये अंदाजा लगाना मुश्किल है कि वो फिल्मों में एक्टिव नहीं हैं। ये दोनों अक्सर अपने पैरेंट्स के साथ किसी न किसी इवेंट में नजर आती हैं। जहां सभी की निगाहे सिर्फ इन पर ही टिकी रहती हैं।

जहां जाह्नवी साउथ के सुपरस्टार ममूटी के बेटे दिलकर सलमान के साथ डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। वहीं खुशी, सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम खान के साथ अपनी दोस्ती की वजह से सुर्खियों में रहती हैं।

वैसे ये दोनों बहने सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं, जहां इनकी नई नई फोटोज देखने को मिलती है। इन फोटो को देखकर ये कहना गलत नहीं होगा कि आने वाले वक्त में ये दोनों बहने बॉलीवुड में धूम मचा सकती हैं।



प्रियंका को अमेरिका में टॉक शो करने का ऑफर!

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। अमेरिकी टीवी सीरियल ''क्वांटिको'' में एक्टिंग के लिए सराहना पा रही बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के बारे में बताया जाता है कि उन्हें अमेरिकी सेलिब्रिटी टॉक शो की मेजबानी करने के लिए संपर्क किया गया है।

प्रियंका धीरे–धीरे अमेरिका में अपने पंख पसार रही हैं। पहले उन्होंने एक म्यूजिक कॅरियर की शुरूआत की और फिर फिल्म ''प्लेन्स''में डिज्नी चरित्र को अपनी आवाज दी.

इसके अलावा वह अमेरिका के मेन स्ट्रीम टेलीविजन ड्रामा एबीसी के ''क्वांटिको'' का हिस्सा बनीं. खबर के मुताबिक, ''उन्हें एबीसी द्वारा अमेरिकी सेलिब्रिटी टॉक शो की मेजबानी करने की ऑफर मिला है.

इस ऑफर पर उन्होंने अभी निर्णय नहीं किया है।''

BCR BOLLYWOOD CINE REPORTER NEWS

सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित

बॉलीवुड सिने रिपोर्टर

राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र, फ़िल्मी दुनिया आपके घर

RNI No. UPHIN/2013/50311
Postel No. UP/GBD-183/2014-16

WEBSITE: www.bollywoodcinereporter.com
Email ID: editorbcr@gmail.com ; editor.bollywoodcinereporter@gmail.com

सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित

बॉलीवुड सिने रिपोर्टर

अब वेब न्यूज चैनल के साथ

04 नवम्बर से 10 नवम्बर 2015 तक

BCR NEWS
www.bcrnews.co.in

लिव-इन-रिलेशनशिप में रहेंगे विराट और अनुष्का

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा विराट कोहली को डेट कर रही हैं। पिछले वीकेंड विराट कोहली और अनुष्का शर्मा मुंबई में अपने लिए घर भी ढूंढते पाए गए हैं। लेकिन फिलहाल अनुष्का का जल्दी शादी करने का कोई इरादा नहीं है। अनुष्का बताती हैं कि वो अपने काम से बहुत खुश हैं और अपना पूरा ध्यान अभी अपने काम पर ही फोकस करना चाहती हैं।

उनके पास अभी कई प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं और वो जल्दी से जल्दी उन्हें पूरा करना चाहती हैं। अनुष्का बताती हैं कि हम कुछ नहीं छुपाते।

हम 2 नॉर्मल यंग लोगों की तरह ही हैं जो रिलेशन में होते हैं।

सूत्रों की मानें तो अनुष्का और विराट को अपने रिलेशन की चिंता इसलिए नहीं है क्योंकि दोनों अपना मन बना चुके हैं कि वो इस रिश्ते को शादी तक लेकर जाएंगे।

दोनों के परिवार भी जल्दी ही मिलेंगे और शादी की तारीख तय करेंगे। हांलांकि उम्मीद है कि शायद अगले साल तक ये दोनों शादी कर ही लें।

खुद को हॉट नही मानती है सनी लियोनी

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड की 'बेबी डॉल' सनी लियोनी का कहना है कि वह खुद को हॉट नही समझती है। वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म 'जिस्म 2' से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत करने वाली सनी लियोनी को हॉट एंड सेक्सी अंदाज के लिए जाना जाता है।

सनी लियोनी इन दिनों फिल्म 'मस्तीजादे' में काम कर रही है। फिल्म में सनी दोहरी भूमिका में नजर आएगी।

जिसमें एक बेहद हॉट है तथा दूसरी बेहद सीधी-साधी है। फिल्म में सनी के किरदारों का नाम 'लैला' और 'लिली' है।

सनी ने कहा वो फिल्म के दूसरे किरदार को अपने रियल लाइफ के ज्यादा करीब पाती हैं।

दीपिका पादुकोण ने पूरी की 'बाजीराव मस्तानी' की शूटिंग

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। दीपिका पादुकोण ने अपनी चर्चित फिल्म ''बाजीराव मस्तानी'' की शूटिंग पूरी कर ली है।

संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और रणवीर सिंह भी नज़र आएंगे।

दीपिका ने ट्वीट किया कि उन्होंने शूटिंग पूरी कर ली है। यह फिल्म मराठा साम्राज्य के मराठा योद्धा पेशवा बाजी राव प्रथम और उनकी दूसरी पत्नी मस्तानी की कहानी पर आधारित है. बाजीराव की भूमिका रणवीर ने निभाई है.

दीपिका ने मस्तानी की भूमिका निभाई है।

प्रियंका बाजीराव की पहली पत्नी काशीबाई की भूमिका में हैं। यह फिल्म 18 दिसंबर को रिलीज होगी। उसी दिन सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म 'दिलवाले' भी रिलीज होगी।

33 साल की हुई बाहुबली फेम एक्ट्रैस अनुष्का शेट्टी

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। तेलुगु फिल्मों की अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी आज अपना 33वां जन्मदिन मना रही है। अनुष्का की खूबसूरती के लाखों दीवाने है पर खूबसूरती के साथ वह हमेशा विवादों में रही है। खबर आई थी कि वह निर्देशक एस एस राजामौली की तेलुगू फिल्म 'बाहुबली' की शूटिंग पूरी करने बाद शादी कर रही हैं। लेकिन अनुष्का के प्रबंधक ने उनकी शादी की अफवाहों का खंडन करते हुए कहा कि यह खबर झूठी है।

योगा टीचिंग के दौरान ही अनुष्का के पास अभिनय करने का ऑफर आया और उन्होंने साल 2005 में तेलुगू फिल्म 'सुपर' से डेब्यू किया। इसके बाद से वह अभिनय में आ गईं और कई हिट तेलुगू फिल्मों में काम किया। साल 2010 में उन्हें तमिल फिल्मों में भी सफलता मिली। उन्होंने साल 2010 में आई 'सिंघम' और 2013 में 'सिंघम 2' को बड़ी सफलता मिली।

कैंसर के दौरान कभी हताश नहीं हुई : लीजा रे

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। ब्लड कैंसर से जिंदगी की जंग जीतने वाली अभिनेत्री लीजा रे का कहना है कि वह इस बीमारी से लड़ते वक्त कभी हताश नहीं हुई। उम्मीद, सहयोग और हास्य ने इस बीमारी से निजात दिलाने में मदद की। लीजा ने बुधवार को एचडीएफसी लाइफ कैंसर केयर के एक ट्विटर चैट सत्र में कैंसर से संबंधित विभिन्न सवालों का जवाब दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा, ''कैंसर आपको भावनात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है, जो आपके विचारों पर असर डालता है। केमो मस्तिष्क भी एक सच्चाई है, लेकिन ध्यान एवं सहयोग मददगार हैं। मैंने बुरा वक्त देखा है, लेकिन कैंसर के दौरान कभी हताश या निराश नहीं हुई। उम्मीद, मदद व हास्य ने मदद की।''

लीजा ने ट्विटर पर मौजूद अपने प्रशंसकों से कहा, ''आपका बुरा समय आपकी उन्नति का वक्त है।'' यह पूछे जाने पर कि कैंसर के दौरान किन बातों का ख्याल रखा जाए? लीजा ने कहा, ''बहुत से रोग निरोधी उपाय मदद कर सकते हैं। प्रसंस्कृत (प्रोसेस्ड) खाने से बचें, हरी सब्जियां खूब खाएं और रोजाना व्यायाम करें...अपने शरीर पर ध्यान दें। आर्थिक रूप से तैयार रहें।'

T-TIME MUSIC INDUSTRY (Regd.)
(A complete Audio-Video Releasing Company)
किसी भी भाषा में म्युजिक एलबम या फिल्म बनवाने या रिलीज करवाने के लिए सम्पर्क करें।
Mob:- 09350859564, 08750676801, 09310252692 (Whatsapp)
T-Time Music

असमान मेहनताना देने वाले फिल्मकारों के साथ काम नहीं करेः सोनम

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड अभिनेत्री और अनिल कपूर की पुत्री सोनम कपूर का कहना है कि अभिनेत्रियों को असमान मेहनताना देने वाले फिल्मकारो के साथ काम नहीं करना चाहिए।

सोनम का कहना है कि असमान मेहनताना की शिकायत करने के बजाय अभिनेत्रियों को ऐसे लोगों के साथ काम करना बंद कर देना चाहिए जो उन्हें कम भुगतान करते हैं। उन्होंने कहा, ''महिलायें असमान भुगतान के बारे में शिकायत करती हैं और मैं इसे समझती हूं. यदि आप किसी चीज के लायक हैं तो इसके लिए संघर्ष कीजिए और इसके लिए लडने का बेहतरीन तरीका है, इसे न कीजिए. इसलिए उन लोगों के लिए काम न कीजिए जिनके बारे में आप समझती हैं कि वे आप को पर्याप्त भुगतान नहीं कर रहे हैं। इसके बारे में शिकायत मत कीजिए।

आमिर खान की 'दंगल' में नकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं विवान भटेना

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। आमिर खान की फिल्म ''दंगल'' में टेलीविजन अभिनेता विवान भटेना नकारात्मक भूमिका में दिखाई देंगे। 37 वर्षीय विवान को अंतिम बार सलमान खान की होम प्रोडक्शन की फिल्म ''हीरो'' में एक खलनायक की भूमिका में देखा गया था। विवान ने कहा, ''मैं 'दंगल' में आमिर खान के साथ काम कर रहा हूं। इसमें मेरी नकारात्मक भूमिका है लेकिन इसके बारे में ज्यादा खुलासा नहीं कर सकता। मैंने आमिर के साथ एक सीन पूरा किया है और बहुत सारे सीन पूरे करने हैं। मैं एक पहलवान की भूमिका निभा रहा हूं जिसके लिए मुझ अपना वजन बढ़ाना है। मुझे अपना दस किलो वजन बढ़ाना है।'' ''क्योंकि सास भी कभी बहू थी'' और ''कुमकुम'' जैसे धारावाहिकों में काम कर चुके विवान अपने काम को लेकर मिल रही प्रतिक्रिया से खुश हैं।

उन्होंने कहा ''मुझे 'हीरो' के लिए बहुत सराहना मिली। मैं आभारी हूं। आमिर ने 'कट्टी बट्टी' में मेरे काम की तारीफ की जिससे मैं उत्साहित हूं।

उम्मीद है कि आगे मुझे अच्छा काम मिलता रहेगा। मैं नकारात्मक हीरो की भूमिका करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं उसमें अपनी जगह बनाना चाहता हूं।''

''चक दे इंडिया'' के अभिनेता ने बताया कि वह निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी की अगली फिल्म ''भावेश जोशी'' में भी नजर आने वाले थे लेकिन यह फिल्म कुछ समय के लिए रद्द हो गई।

'एक्स...' में एक बार फिर साथ नजर आएंगी हुमा, राधिका

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। फिल्म 'बदलापुर' में अपने अभिनय का जादू चलाने के बाद, हुमा कुरैशी और राधिका आप्टे एक बार फिर फिल्म 'एक्स : पास्ट इज प्रेजेंट' में अपना जलवा बिखेरने को तैयार हैं।

फिल्म महिला–पुरुष के रिश्ते पर आधारित है। फिल्म की कहानी 11 अलग कहानीकारों ने गढ़ी है, जो फिल्म बनाने के लिए अलग–अलग भागों से साथ आए हैं। फिल्म में हुमा, राधिका और स्वरा भास्कर के अलावा रजत कपूर भी हैं।

मनीष मुंद्रा और दृश्यम फिल्म्स द्वारा निर्मित 'एक्स : पास्ट इज प्रेजेंट' 20 नवंबर को प्रदर्शित होगी।

फिट रहने के लिए इंसान लाईफस्टाईल को बनाए दोस्त

नेहा धूपिया

बीसीआर न्यूज़।।लखनऊ।। फिल्म अभिनेत्री नेहा धूपिया की नजर में डायबिटीज का मुख्य कारण लोगों की अपनी जीवनशैली से बढ़ती दुश्मनी है। आजकल लोग अनकंट्रोल्ड डाइट लेते हैं और अपनी दिनचर्या में एक्सरसाइज और फिटनेस के लिए काफी कम टाइम ही निकाल पाते हैं। फिट रहने के लिए जरूरी है कि इंसान पहले अपनी लाइफस्टाइल को अपना दोस्त बनाए।

अभिनेत्री नेहा धूपिया ने रिसर्च सोसाइटी फॉर द स्टडीज ऑफ डायबिटीज इन इंडिया की तरफ से इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के तीसरे दिन रविवार को यहां पहुंची और जागरूकता के लिए आयोजित किए गए वॉकाथॉन प्रोग्राम का हिस्सा बनीं। नेहा धूपिया काफी देर तक राजधानी की सड़कों पर पैदल चलीं। उनकी एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। उन्होंने खुद लोगों के साथ जमकर सेल्फी खींची। वाकॉथन सुबह 6.30 बजे शुरू हुई। नेहा धूपिया बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी से लेकर अंबेडकर चौराहा होते हुए ताज होटल तक करीब 20 मिनट पैदल चलीं। नेहा धूपिया और आरएसएसडीआई ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अनुज माहेश्वरी ने हरी झंडी दिखाकर वाकॉथन को रवाना किया। साथ ही खुद भी सैकड़ों लोगों के साथ राजधानी की सड़कों पर पैदल चले। आरएसएसडीआई ने डायबिटीज कंट्रोल पर जागरूकता फैलाने के मकसद से वॉकाथॉन का आयोजन किया था।

फिट रहने के टिप्स बताए नेहा ने नेहा धूपिया ने बताया कि वह खुद रोज आधा घंटा एक्सरसाइज जरूर करती हैं। इससे वह न सिर्फ फिट रहती हैं, बल्कि पूरे दिन बॉडी में एनर्जी बनी रहती है। एक्सरसाइज करने के बाद वो थोड़ी मात्रा में न्यूट्रिशियस ब्रेकफास्ट लेती हैं। इसके बाद दिन में बैलेंस्ड डाइट खाती हैं और रात को हल्का खाना खाकर सोती हैं। उन्होंने कहा कि आज डायबिटीज देश को खत्म करने में लगी है। अगर इस पर कंट्रोल पाना चाहते हैं तो दिन में थोड़ा पैदल जरूर चलें।

मेरे और शाहरूख से रणबीर–दीपिक की तुलना ठीक नहीं: काजोल



बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड में फिल्म 'बाजीगर' के बाद, काजोल और शाहरुख खान की जोड़ी हिट साबित हुई. दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर की केमिस्ट्री भी फिल्मों में समान ही रही, लेकिन काजोल का कहना है कि उनकी तुलना करना अनुचित है।

इस पर उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि किसी की तुलना किसी से की जानी चाहिए. मैं दीपिका की तरह नहीं हूं और ना वह वह मेरी तरह हैं या हम (शाहरुख और मैं) दीपिका और रणवीर की तरह नहीं हैं।'

शाहरुख और काजोल ने 'करण अर्जुन', 'दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे', 'कुछ कुछ होता है', 'कभी खुशी कभी गम', 'माइ नेम इज खान' जैसी फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा उनकी आगामी फिल्म 'दिलवाले' इस क्रिसमस पर प्रदर्शित हो रही है।

रणबीर और दीपिका ने एक साथ दो फिल्मों में काम किया है और वह इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित फिल्म 'तमाशा' के लिए तैयार हैं। यह फिल्म साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित है. फिल्म 27 नवंबर को प्रदर्शित होगी।

BCR BOLLYWOOD CINE REPORTER NEWS
सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित
बॉलीवुड सिने रिपोर्टर
राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र, फ़िल्मी दुनिया आपके घर
RNI No. UPHIN/2013/50311
Postel No. UP/GBD-183/2014-16
WEBSITE: www.bollywoodcinereporter.com
Email ID: editorbcr@gmail.com ; editor.bollywoodcinereporter@gmail.com

रवि किशन ने साईन की एक और बडी हिन्दी फिल्म

बीसीआर न्यूज़।।लखनऊ।। मौका था लखनऊ में अविका मोबाइल के लॉन्चिंग का जिसके ब्रांड अम्बेसडर सदाबहार सुपर स्टार रवि किशन हैं। इस शुभ अवसर पर लखनऊ के पाँच सितारा होटल में आशीष माहेश्वरी ने रवि किशन को अपनी आगामी बडी हिन्दी फिल्म लाईफ के ट्विस्ट के लिए अनुबंधित किया।

श्रेया सिने विजन के बैनर तले निर्मित की जाने वाली इस हिन्दी फिल्म में रवि किशन एकदम नये तेवर कलेवर में हैरतअंगेज कारनामे करते हुए दिखेंगे। फिल्म की निर्मात्री श्रुति माहेश्वरी और संगीता गुप्ता हैं। सहनिर्माता विनय गुप्ता, संजीव शुक्ला एवं सहनिर्मात्री अनीता सिंह हैं।

पटकथा और संवाद जाने माने फिल्म लेखक मनोज पाण्डेय लिख रहे हैं। फिल्म के हर दृश्य और उसके चुटीले संवाद बेहद अच्छे और मनमोहक लिखे जा रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस फिल्म से मिस्टर बिहार आदित्य मोहन बॉलीवुड में जबरदस्त धमाल मचाते हुए पदार्पण कर रहे हैं। गौरतलब है कि लाईफ के ट्विस्ट के निर्देशन की बागडोर संभाल रहे हैं फैसल रियाज,जिन्होंने आशीष माहेश वरी की भोजपुरी सदाबहार सुपरस्टार रवि किशन स्टारर भोजपुरी फिल्म रक्तभूमि का निर्देशन किया था।

इस हिन्दी फिल्म की शूटिंग फरवरी में शुरू की जाएगी। फिल्म के सभी कलाकार बॉलीवुड के नामचीन चेहरे होंगे, जिन्हें सिनेप्रेमी बेइन्तिहां चाहते हैं। इन दोनों फिल्म की शूटिंग लखनऊ के विभिन्न रमणीय स्थलों पर की जायेगी।

टीवी पर फिर दिखेंगी शिल्पा शेट्टी

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी एक शो में मेजबान की भूमिका के साथ टीवी पर वापसी करने जा रही हैं। वर्ष 2008 में शिल्पा ने टीवी रियलिटी शो 'बिग बॉस' के दूसरे संस्करण की मेजबानी की थी और 'नच बलिए' के पांचवे और छठे संस्करण में वह निर्णायक की भूमिका में टीवी पर दिखाई दे चुकी हैं।

शिल्पा ने को बताया, ''हम एक टीवी रियलिटी शो पर काम कर रहे हैं। यह एक गेम शो होगा। मैं इस बारे में अभी और ज्यादा नहीं बता सकती।'' इस शो के बारे में आधिकारिक घोषणा अगले साल जनवरी में की जा सकती है।

'शानदार' की असफलता से निराश है आलिया

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड अभिनेत्री और महेश भट्ट की बेटी आलिया भट्ट अपनी फिल्म शानदार की असफलता से निराश है। वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत करने वाली आलिया की फिल्म शानदार अभी हाल ही में प्रदर्शित हुई है ।

फिल्म में आलिया के साथ शाहिद कपूर ने काम किया है ।फिल्म शानदार टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई है। आलिया बीती बातों को याद करना नहीं चाहतीं, बल्कि इससे उबरने की कोशिश कर रही हैं। आलिया ने कहा, बिल्कुल निराशा हूं। यह मेरे लिए पहली बार था।

14 साल बाद टीवी पर कमबैक करेगी सेक्स रैकेट में पकडी गई एक्ट्रैस

बीसीआर न्यूज़।।नई दिल्ली।। पिछले साल हैदराबाद में सेक्स रैकेट में पकडी गई एक्ट्रैस श्वेता बासु अब छोटे पर्दे पर वापसी करने जा रही है। ये अभिनेत्री छोटे पर्दे पर 14 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। श्वेता एक हॉरर शो में नजर आएंगी, इस हॉरर शो का नाम 'डर सबको लगता है' होगा। शो में वो एक लड़की की भूमिका में हैं, जो एक हॉस्टल में रहती है जो कि काफी खतरनाक है जिससे वह पूरी तरह अनजान रहती है। टीवी पर अपनी श्वेता ने उत्साहित होकर कहा ''मैंने 14 साल से कोई टीवी शो नहीं किया है लेकिन अब इस शो से जुड़कर काफी खुश हैं. ''शो की प्रोडयूसर प्रीती सिन्हा ने कहा, ''मुझे इस शो के लिए एक अच्छी एक्ट्रैस की जरुरत थी जिसमें श्वेता फिट बैठती है।'' आपको बता दें कि श्वेता बसु को सेक्स रैकेट से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार भी किया जा चुका है लेकिन बाद में उनहे हैदराबाद सेशन कोर्ट से क्लीन चिट मिल गई। श्वेता 'कहानी घर–घर की' सीरियल में श्वेता श्रुति के रूप में दिलों को जीतने वाली। इसके अलावा श्वेता फिल्म 'मकड़ी' में अच्छे रोल के लिए नेशनल ऑवार्ड जीत चुकी हैं।

दामिनी केस पर आधारित फिल्म "निर्भया का इंसाफ" मुहूर्त सम्पन्न

बीसीआर न्यूज़ (नई दिल्ली)रू आज फिल्म "निर्भया का इंसाफ" का शुभ मुहूर्त प्रो. राम नंदन सिंह के द्वारा नरियल फोड़ तथा झारखंड स्टेट फिल्म आर्टिस्ट एसोशिएशन महासचिव पायल कश्यप व कार्यकारी अध्यक्ष रमेश चन्द्र झा के द्वारा क्लैप देकर किया गया। इस अवसर पर फिल्म निर्माता नीरज सिंह, कार्यकारी निर्माता कंचन अधिकारी, विदिशा अधिकारी, निर्माण व्यवस्थापक अभिषेक कुमार सिंह, कलाकार बबलू साह , अजीत केशरी आदि उपस्थित थे। निर्देशिका पायल कश्यप ने बतलाया कि सभी देवी देवताओं की उपासना से बढ़कर है शक्ति की उपासना, और नवरात्रा शक्ति की उपासना का त्यौहार है तथा शक्ति की उपासना के इस पावन अवसर पर नारी शक्ति को समर्पित फिल्म निर्भया का इंसाफ का मुहूर्त खास मायने रखता है। निर्माता नीरज सिंह ने बतलाया कि फिल्म दिल्ली गैंग रेप कांड की शिकार दामिनी को श्रद्धांजली देने वाली पहली फिल्म होगी । फिल्म के माध्यम से दामिनी के अधूरे पड़े आंदोलन को पूरा करने की कोशिश की जायेगी। निर्देशक रमेश चन्द्र झा ने मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा फिल्म रेगुलेशन एक्ट वापस लिये जाने का स्वागत करते हुये कहा कि अब झारखंड में शूटिंग का रास्ता साफ हो गया है फलस्वरूप इस फिल्म की पूरी शूटिंग देवघर में माह नवम्बर में की जायेगी। क्योंकि देवघर एक कंपलीट शूटिंग लोकेशन है। फिल्म में हिंदी के नामचीन कलाकार के अलावे झारखंड के भी कलाकार नजर आयेंगे। फिल्म की कथा, पटकथा व संवाद ललित शुक्ला का व गीत व संगीत रवि सोनू का। फिल्म में पायल कैमियो करती नजर आयेंगी।

T-TIME MUSIC INDUSTRY (Regd.)
(A complete Audio-Video Releasing Company)
किसी भी भाषा में म्युजिक एलबम या फिल्म बनवाने या रिलीज करवाने के लिए सम्पर्क करें।
Mob:- 09350859564, 08750676801, 09310252692 (Whatsapp)
T-Time Music

फिल्म "प्रेम रतन धन पायो" में सलमान खान 15 साल बाद सूरज बड़जात्या के साथ



बीसीआर न्यूज़ (अमित भटनागर/मुंबई): सलमान खान और सोनम कपूर अभिनीत फिल्म "प्रेम रतन धन पायो" में सलमान खान 15 साल बाद सूरज बड़जात्या के साथ आ रहे है

फिल्म सूरज बडजात्या के टेस्ट की ही है, सूरज बडजात्या हमेशा पारिवारिक और प्रेम प्रसंग वाली फिल्मों से ही जाने जाते है, पेश है फिल्म "प्रेम रतन धन पायो" की प्रेस वार्ता के दौरान "बॉलीवुड सिने रिपोर्टर" के ब्यूरो चीफ अमित भटनागर की अभिनेता सलमान खान से हालिया रिलीज होने वाली फिल्म "प्रेम रतन धन पायो" और "सुलतान " के बारे में हुई बातचीत के कुछ अंश:

बीसीआर न्यूज: इतने सालो से आप राजश्री प्रोडक्शन के साथ जुडे होने के बाद कैसा महसूस कर रहे है ?

सलमान खान: मै एक सभ्य परिवार से हूँ, सूरज बडजात्या सबसे बडे निर्देशक है उनसे बडा कोई निर्देशक नहीं है.

बीसीआर न्यूज: सोनम कपूर साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा ?

सलमान खान: सोनम के साथ यह मेरी दूसरी फिल्म है इससे पहले सोनम मेरे साथ फिल्म "सावरिया" मै काम कर चुकी है, उस फिल्म मै काम करने का अनुभव बहुत ही अच्छा था. क्योंकि वह बहुत ही समझदार और प्रोफेशनल अभिनेत्री है. उनके अन्दर किसी भी प्रकार के नखरे नहीं है वह काम को लेकर बेहद चिंतित रहती है. फिल्म "सावरिया" के बाद वो अपनी हर फिल्म में ७ गुना बेहतर होती जा रही है. उन्होंने बहुत अच्छे निर्दोशको के साथ काम किया है और वो एक अच्छी कलाकार के रूप में सामने आ रही है. बॉलीवुड में वो बहुत आगे जाएँगी.

बीसीआर न्यूज: प्रेम के रूप मैं एक बार फिर से आना, आपके लिए कितना कठिन था ?

सलमान खान: पहले मुझे लग रहा था मैं इस रोल को नहीं कर पाउँगा. लेकिन जब सूरज जी ने मुझे इस फिल्म की कहानी और डायलाग विस्तार से सुनाई और समझाई तब मुझे समझ में आया कि सूरज जी मुझ से क्या चाहते है. और इस तरह मुझे प्रेम का रोल निभाना आसान हो गया.

बीसीआर न्यूज: इस फिल्म का प्रेम बाकी अन्य सभी पहले के प्रेमो से कितना अलग है ?

सलमान खान: मेरे विचार से इस फिल्म का प्रेम, पहले की तुलना में काम शरारती है, लेकिन बहुत ही मजाकिया और बहुत ही प्यारा है. दर्शक इस बार प्रेम को तो ज़रूर देखेंगे लेकिन पहले से अलग अंदाज़ में.

बीसीआर न्यूज: सूरज बडजात्या के साथ इतने सालो के बाद आप काम कर रहे है, क्या पहले वाले सूरज और अब वाले सूरज में कोई अंतर नज़र आया ?

सलमान खान: सूरज समय के साथ साथ बहुत ही बेहतरीन निर्देशक होते जा रहे है वो बिलकुल भी नकारात्मक इंसान नहीं है. उन्होंने निर्देशक के तौर पर अपना एक अलग स्तर बना लिया है.

बीसीआर न्यूज: सुल्तान के बारे में कुछ बताइये ?

सलमान खान: आजकल मैं अपनी मॉस पेशियो को बढा रहा हूँ, जिसके लिए मैं बहुत कठिन अभ्यास करता हूँ. किक, बॉक्सिंग और संतुलित आहार ले रहा हूँ. यह अभ्यास मेरे लिए बहुत ही कठिन है क्योंकि मुझे अक्सर यह करना पडता है और मैं इसलिए आजकल बहुत जल्दी थक जाता हूँ. "सुलतान" फिल्म की शूटिंग, मैं इस महीने की आखिर में शुरू कर रहा हूँ.

बीसीआर न्यूज़: "सलमान खान फिल्म्स" के भविष्य के लिए क्या प्लान्स है ?

सलमान खान: अभी तक मुझे कोई अच्छी स्क्रिप्ट नहीं मिली है, जब तक कोई अच्छी स्क्रिप्ट नहीं मिलेगी तब तक हम आगे नहीं बढेंगे, हमें अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार है.

बीसीआर न्यूज: सलमान आप गीता के बारे में क्या कहना चाहेंगे ?

सलमान खान: मैं ये ही चाहूंगा कि जो प्यार और इज्जत उसको पाकिस्तान में मिली थी. और १४ सालो तक उस परिवार ने बहुत प्यार से रखा था जैसा कि हम सब ने टीवी पैर देखा. उसके वापस आते ही उसके ४ जोडी माता पिता सामने आये, जिनमे से उसने किसी को भी नहीं पहचाना. तो मैं उम्मीद करता हूँ कि जब भी वो अपने असली माँ बाप से मिले उसको वो ही प्यार और इज्जत मिले जो पाकिस्तान के परिवार ने उसको दिया.

बीसीआर न्यूज़: आपके जीवन का अब तक का सबसे अछा रोल कौन सा था ?

सलमान खान: वो फिल्म जिसने मेरी जिन्दगी बना दी, आज मैं जो भी हूँ उसी की वजह से हूँ और वो फिल्म है "मैंने प्यार किया", इसलिए मुझे ऐसा महसूस होता है कि यह मेरी अब तक की जिन्दगी की बेस्ट फिल्म है.

कैटरीना को मिली रिया कपूर की फिल्म की पेशकश

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। अभिनेत्री कैटरीना कैफ को सोनम कपूर की बहन रिया कपूर द्वारा निर्देशित की जाने वाली एक फिल्म की पेशकश की गई है।

खबरों के अनुसार कैटरीना फिल्म को लेकर विचार कर रही हैं और जल्द ही उसकी कहानी सुनेंगी।

सूत्रों ने कहा, ''उन्हें फिल्म की पेशकश की गई है। उन्होंने अब तक इसे (पटकथा) नहीं सुना है। उन्होंने अभी फैसला नहीं लिया है'' रिया दो फिल्मों – 'आयशा' और 'खूबसूरत' का निर्माण कर चुकी हैं और आगामी फिल्म 'बैटल फोर बिट्टोरा' की भी निर्माता हैं।

सभी फिल्मों में सोनम ही मुख्य भूमिका में हैं. लेकिन नयी फिल्म के साथ रिया निर्देशक के तौर पर पर्दापण करेंगी।

फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं किया गया है। कहा जा रहा है कि फिल्म जोया अख्तर की 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' जैसी होगी, हालांकि इसमें महिलाएं मुख्य किरदार निभाएंगी।

फिल्म में हुमा कुरैशी और अनुष्का शर्मा भी काम कर सकती हैं।

16 साल बाद खुला ऐश्वर्या की फिल्म 'ताल' का राज





बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। संगीतकार ए. आर रहमान आज किसी परिचय के मोहताज नहीं है। रहमान को हृदयनाथ मंगेशकर के 78वें जन्मदिन पर हृदयनाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार रहमान को देने पहुंचे दिग्गज फिल्मकार सुभाष घई इस मौके पर घई ने एक बहुत ही दिलचस्प बात बताई।संगीत के प्रति रहमान की लगन के बारे में घई ने कहा, 'फिल्म 'ताल' के संगीत के लिए रहमान ने 70 रातों तक काम किया था और साबित कर दिखाया कि वह बेहतरीन संगीतकार हैं। वह न केवल एक नामचीन हस्ती बल्कि एक भले इंसान भी हैं।' आपको बता दें कि कि फिल्म ताल आज से 16 साल पहले 1999 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय, अनिल कपूर और अक्षय खन्ना लीड रोल में थे। इस फिल्म का टाइटल सॉन्ग ताल से ताल मिलाओ बहुत पॉपुलर हुआ था। घई ने यह भी बताया कि वह बॉलीवुड के ऐसे पहले फिल्म निर्माता हैं, जिन्होंने ऑस्कर विजेता संगीतकार ए. आर. रहमान से काम के सिलसिले में सबसे पहले संपर्क किया था।

घई ने पुरानी बातों को याद करते हुए कहा, 'मैं पहले रहमान को नहीं जानता था, लेकिन मैंने सुना था कि वह बहुत प्रतिभाशाली हैं। जिस वक्त मैंने उनका संगीत सुना, मैंने उन्हें फोन किया और कहा कि मैं आपसे मिलना चाहता हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं पहला फिल्म निर्मा घई ने इस बात का भी खुलासा किया कि रहमान पहले हिंदी भाषा से ज्यादा परिचित नहीं थे।' हालांकि, उनका मानना है कि संगीत की कोई भाषा नहीं होती।

आखिरकार गर्लफ्रेंड लूलिया से सगाई की खबर पर सलमान ने तोडी चुप्पी

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। सुपरस्टार सलमान खान और उनकी कथित गर्लफ्रेंड लूलिया की बीते दिनों सगाई की खबरें आई थी। लेकिन सलमान की बहन अर्पिता खान शर्मा ने ट्विटर पर इसका खंडन कर दिया था।

जिसके बाद अब खुद सलमान ने इस खबर को गलत करार दिया है।

उन्होंने एक मीडिया हाउस को बताया, 'मुझे लेकर कई तरह की बातें की जा रही हैं, जो सही नहीं हैं। जो मेरे बारे में लिखा गया, मैंने वह पढ़ा भी और सुना भी और मेरा जवाब यही है कि मैं इन सब चीजों से परे हूं। छोटी–छोटी चीजों से मुझे फर्क नहीं पड़ता, लेकिन इनसे मेरे पेरेंट्स को धक्का लगता है, जो वाकई मुझे बहुत बुरा लगता है।'

आपको बता दें कि सलमान और लूलिया की सगाई की खबर रोमानियन मीडिया पर आई थी।

इसमें लूलिया का एक वीडियो और कुछ फोटोज शेयर किए गए थे, जिनमें लूलिया के हाथों में रिंग नजर आ रही थीं।

इसी रिंग के बेस पर उनकी और सलमान की सगाई की चर्चा शुरू हुई।

BCR NEWS
BOLLYWOOD CINE REPORTER
सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित
बॉलीवुड सिने रिपोर्टर
राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र, फिल्मी दुनिया आपके घर
RNI No. UPHIN/2013/50311
Postel No. UP/GBD-183/2014-16
WEBSITE: www.bollywoodcinereporter.com
Email ID: editorbcr@gmail.com ; editor.bollywoodcinereporter@gmail.com

सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित

बॉलीवुड सिने रिपोर्टर

अब वेब न्यूज चैनल के साथ

04 नवम्बर से 10 नवम्बर 2015 तक

BCR NEWS
www.bcrnews.co.in

NORTH INDIAN FILM & TELEVISION DEVELOPMENT ASSOCIATION (Regd.)
(उत्तर भारत की एक मात्र फिल्म एसोसिएशन)
उत्तर भारत में फिल्मी दुनिया से जुडे सभी लोग एसोसिएशन के सदस्य बनकर
लाभ उठाऐं एवं उत्तर भारत में फिल्म इन्डस्ट्री को स्थापित करने के सहयोगी बनें।
Mob:- 09350859564 (Delhi), 09310252692 (Whatsapp)

NIFTDA

Ajay Shastri
(President)

मुद्रक, स्वामी, प्रकाशक व सम्पादक अजय शास्त्री ने वत्स ऑफसैट, मैन दादरी रोड, बरौला, सेक्टर-49, नौएडा, गौतमबुद्धनगर (उ0 प्र0) से छपवाकर, सी-196, ब्रिज विहार, गाजियाबाद-201011 (उ0 प्र0) हेतू प्रकाशित किया। मो0. 07503438080,09350859564। इस अंक में प्रकाशित रचनाओं के लिए सभी लेखकों की जिम्मेदारी होगी। सभी प्रकार के विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा।